रौल नं0..............................नाम परीक्षार्थी..........................................

VIII-15 अर्द्धवार्षिक परीक्षा सन् 2023–24 ई० **A**

# विज्ञान

समय – 2.00 घण्टा कक्षा – 8 पूर्णांक – 100

**नोट–सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।**

1. निम्न खण्डों के सही विकल्प छाँटकर लिखिए:– 8

(क) कार्बन का क्रिस्टलीय रूप है:–

(अ) जन्तु चारकोल (ब) ग्रेफाइट

(स) कोयला (द) लकड़ी का चारकोल।

(ख) पौधों का मुख्य पोषक तत्व है :–

(अ) गन्धक (ब) ऑक्सीजन

(स) नाइट्रोजन (द) कार्बन।

(ग) अचुम्बकीय पदार्थ है :–

(अ) निकिल (ब) लोहा

(स) कोबाल्ट (द) कार्बन।

(घ) प्रतिजैविक औषधि है:–

(अ) पैनिसिलीन (ब) इन्सुलीन

(स) आल्ड्रिन (द) ऑक्सीजन।

2. निम्न में रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :– 8

(क) परिवहन हेतु ऊर्जा का प्रमुख स्रोत ................ है।

(ख) सोडियम धातु को ................ में रखते है।

(ग) प्रकृति में पाये जाने वाले चुम्बक को ................ चुम्बक कहते हैं।

(घ) तैरने के लिए वस्तु का भार वस्तु द्वारा हटाये गये द्रव के भार के ................होता है।

3. किन्हीं तीन खण्डों के उत्तर दीजिए :– 18

(क) पेट्रोलियम गैस किन गैसों का मिश्रण है?

(ख) ट्रक में चार की जगह छः टायरों का प्रयोग करने का क्या उपयोग है?

(ग) किन्हीं दो प्रति जैविक औषधियों के नाम तथा स्रोत लिखिए।

(घ) विद्युत धारा के मात्रक का नाम लिखिए।

**4. किन्हीं तीन खण्डों के उत्तर दीजिए :–** **24**

(क) हीरे का उपयोग आभूषण बनाने में क्यों किया जाता हैं?

(ख) अनाज के भण्डारण की क्या आवश्यकता है तथा यह किस प्रकार से सम्भव है?

(ग) धारावाही परिनालिका में चुम्बकीय ध्रुवों का निर्धारण कैसे किया जाता है?

(घ) फ्यूज तार क्या है? इसका क्या उपयोग है?

**5. किन्हीं तीन खण्डों के उत्तर दीजिए :–** **30**

(क) बायोगैस क्या है? यह किस प्रकार उत्पन्न की जाती है?

(ख) धातुओं के शोधन से आप क्या समझते हैं? शोधन की विधि का सचित्र वर्णन कीजिए।

(ग) आँख का नामांकित चित्र बनाइए।

(घ) एक बैटरी से 24000 कूलॉम का आवेश लिया जा सकता हैं तो बताइए इस बैटरी द्वारा 5 एम्पियर की धारा कितने समय तक ली जा सकती है।

**6. किसी एक खण्ड का उत्तर दीजिए :–** **12**

(क) ऊर्जा संकट क्या है? आप उस संकट को दूर करने के क्या उपाय करेंगे?

(ख) निम्न के सही जोड़े बनाइए :–

| अ | ब |
|---|---|
| स्ट्रेप्टोमाइसिन | दही |
| डी.डी.टी. | टी.बी. |
| लैक्टोबैसिलस | प्रतिजैविक औषधि |
| बी.सी.जी. | कीटनाशक। |